आकाशवाणी शिमला

11.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

निर्देश

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला नगर निगम को शहर में पर्यटकों की सुविधा और स्वच्छ व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। कल देर शाम मॉल रोड शिमला और अन्य स्थलों के दौरे के दौरान उन्होंने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए नियमों की सख्ती से अनुपालना करने पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में कचरे का सुरक्षित और उचित तरीके से निपटान करने के लिए भी नियमों को कड़ाई से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में जन सेवाओं में और सुधार के साथ साथ उन्हें सुलभ भी बना रही है। इसके अलावा बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार शहरी विकास की नई समावेशी और टिकाऊ दिशा निर्धारित कर रही है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने हमेशा हिमाचल के हितों की रक्षा की है। सोलन ज़िले में कसौली विधानसभा क्षेत्र की कोरों कैंथड़ी पंचायत में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सभी वर्गों के हितों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत अधिनियम एक सौ 25 दिनों के रोज़गार की गारंटी है और कांग्रेस बेवजह इसका विरोध कर रही है।

सुरेश कश्यप

दूसरी ओर, भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने विकसित भारत रोज़गार व आजीविका मिशन गारंटी अधिनियम 2025 को हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया है। सोलन में पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि इस योजना को लेकर कांग्रेस भ्रम फैला रही है जबकि वास्तविकता ये है कि ये योजना प्रदेश के गांवों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि योजना में जियो टैगिंग, जी.पी.एस. मैपिंग, डिजिटल ट्रैकिंग और ए.आई. आधारित सोशल ऑडिट को अनिवार्य किया गया है जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

धूमल

वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने आज हमीरपुर ज़िले के जामली धाम में वरिष्ठ कार्यकर्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि ये आयोजन पार्टी के इतिहास और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का सराहनीय प्रयास है। धूमल ने कहा कि आज पार्टी जिस स्थान पर है, वह वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और निस्वार्थ सेवा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम उन कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा सम्मान है जिन्होंने अपना पूरा जीवन पार्टी की सेवा में समर्पित किया है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने पंचायती राज चुनावों को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि अदालत का फैसला ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के हित, लोकतंत्र की मज़बूती और संविधान की पूर्ण भावना के अनुरूप है। उन्होंने न्यायालय के फैसले पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण, आपत्तिजनक और न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले पर अवांछनीय टिप्पणियां करना प्रदेश हित में नहीं है।

....